GCG1-6 HI

यीशु सारे विश्वासियों को चेले बनाने के लिए बुलाता है - प्रोग्राम 6

अनाऊंसर: आप क्या सोचते हैं कि सबसे मुख्य बात क्या है?

नंबर एक बात जो यीशु चाहता है विश्वासी करे अमेरिका में, कैनडा में, मध्य अमेरिका में, दक्षिण अमेरिका में, यूरोप में, मध्य-पूर्व में, अफ्रीका, आशिया में, फिलिपीन्स और ऑस्ट्रेलिया में/

यीशु ने कहा जाओ और चेले बनाओ, चेला क्या है? आप चेला कैसे बनाते हैं?

आज मेरे मेहमान हैं जो हमने बताएँगे, वो हैं रॉबी गैलेटी, ऐसे मनुष्य जो 3200 लोगों के चर्च के पास्टर हैं/ और सुबह की चार आराधना होती हैं, इन्होने व्यक्तिगत रूप में चेले बनाए हैं, हर साल 7 या 8 लोगों को/ और वो भी आगे बढकर दूसरों को चेले बनाते हैं/

अब यदि आपने किसी को चेला नही बनाया है, क्या ये सच में संभव है कि आप इसे कर सकते हैं? आपको कौनसी व्यवहारिक बातें जानना जरूरी हैं?

आज आप इसे देखेगे, इस विशेष प्रोग्राम द जॉन एन्करबर्ग शो में/

****

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: प्रोग्राम में स्वागत है, आज हम चर्चा करेगे, विनाश करनेवाले प्रभाव के बारे में कि यदि विश्वासी यीशु की महान आज्ञा का पालन नही करते हैं तो क्या होगा? आज मेरे मेहमान हैं, हमारे देश के अद्‌भुत बाइबल शिक्षक, रॉबी गैलेटी, और रॉबी मैं चाहता हूँ कि आप लोगों को बताए कि सबसे पहले महान आज्ञा क्या है, और यीशु ने हर विश्वासी को क्या करने की आज्ञा दी है/ ये क्यों महत्वपूर्ण है, और फिर हम चर्चा करेगे, विनाश करनेवाले प्रभाव पर, उसकी आज्ञा न माने के कारण/ सबसे पहले ये क्या है?

रॉबी गैलेटी: जी, यीशु ने कहा कि देशों में जाओ, और सब लोगों को चेले बनाओ, और हमने कहा था कि चेला वो है जो दूसरे को सीखाता है, कि बाइबल कैसे पढ़े, वचन कैसे याद करे, कैसी प्रार्थना करे, दूसरे व्यक्ति के साथ अपना विश्वास कैसे बांटे, विश्वास के सिद्धान्त को कैसे समझे, जैसे पवित्र आत्मा द्वारा वो योग्य बनाए जाते हैं, और वो इसे करते हैं जैसे अपने जीवन को दूसरे में पदर्शित करते हैं/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, और मैं सोचता हूँ कि ये बहुत महत्वपूर्ण है, अब आपके पास महान उदाहरण है जो हमने बताता है, जो हमने यीशु की आज्ञा न माने के विनाशकारी परिणाम बताते हैं/ हमें ये कहानी बताइए/

रॉबी गैलेटी: एडमूंड फ्रिज़राल्ड तो, महान फ्रेडर थे, जहाज हजार फीट लंबा है, और ये फ्रेडर ग्रैंड रेपिड्स की झील से जा रहा था, वो आ रहा था और पिछले भाग में ओर लिए जा रहा था, उसे ट्रान्सपोर्ट कर रहा था, और कैनडा से तूफान आया, उस झील में आया, बड़ी लहरे उठी 25 से 30 फीट ऊँची लहरे, दूसरा फ्रेडर उसके पीछे था, और केवल उसी कारण ये कहानी है, एडमुंड फ्रिज़राल्ड ने बेस को रिपोर्ट कर बताया कि सबकुछ ठीक चल रहा है, लेकिन पीछे का फ्रेडर देख रहा था कि पानी भीतर जा रहा था, जहाज से लहरे टकरा रही थी, और वो पानी में निचे उतरने लगा, और फ्रिज़राल्ड कह रहे थे कि सबकुछ ठीक है, और फिर अचानक लहरे जहाज के उपर चली, और वो निचे जाने से पहले उसने अपना आखरी सिगनल दिया, हम ठीक कर रहे हैं, हम इसे थामे हुए हैं, 10 सेकेण्ड में जहाज पानी में चला गया, और उस पर सवार सब 27 लोग मर गए, कैप्टन ने कहा कि एक मिनट, फ्रिज़राल्ड जहाज में हैं, याने अगले ही पल में, याने एक मिनट वहां था और अगले ही पल निचे चला गया/

आज संसार में जिन लोगों ने यीशु मसीह पर विश्वास नही किया है/ वो इसी तरह की घटना का सामना करेगे, महान आज्ञा के लिए मांग बड़ी है जॉन और इसलिए इस पर आज चर्चा करना बहुत महत्वपूर्ण है/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, और आप के पास मनुष्य जाती के लिए बाइबल की दशा है, आपके पास तीन पॉइंट्स हैं जो बाइबल बताती है जो हमें मनुष्य जाती के बारे में जानना होगा, और उद्धार के बारे में भी, बाइबल कौन से तीन पॉइंट्स हमें बताती हैं/

रॉबी गैलेटी: जी, हम मनुष्य की दशा का अध्यन करेगे, हम मसीह की आज्ञा के बारे में देखेगे,और इसके बीच हम उद्धार की सांखल के बारे में अध्यन करेगे/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, मनुष्य की दशा के साथ शुरू कीजिए/

रॉबी गैलेटी: मनुष्य की दशा बहुत दिलचस्प है, ये नकारात्मक सुनाई देती है लेकिन सकारात्मक होती जाती है, मैं बताना चाहता हूँ कि आप मनुष्य कहाँ हैं, सबसे पहले संसार में सबके पास परमेश्वर का ज्ञान है, अब हम इसे वचन से पाते हैं, रोमियो अध्याय 1 वचन 18, ये इन शब्दों में बताता है कि परमेश्वर का क्रोध स्वर्ग से प्रकट होता है, मनुष्य की दुष्टता और भक्तिहीनता के कारण, जो दुष्टता से सत्य को दबाए रखते हैं/ क्योंकि जो कुछ मनुष्य के लिए उसे उसने उन पर स्पष्ट किया है क्योंकि परमेश्वर ने इसे स्पष्ट किया है, उसकी अदृश्य विशेषता, उसकी अनंतकाल की सामर्थ,और आलौकिक स्वभाव, उसे स्पष्ट देखा गया और समझा गया,जो बनाया गया है उससे क्यों, कि मनुष्य के पास बहाना न हो/ याने पौलुस ये कहता है, हर व्यक्ति में परमेश्वर का ज्ञान है, और जब वो प्रभु के समाने खड़े होते हैं, तो वो कोई बहाना नही बना सकते हैं कि वो प्रभु को क्यों नही जान पाए/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, चलिए इसकी सहमती में कुछ कहते हैं, मैं अफ्रीका में था, इथियोपिया में, और, गाइड ने खा कि आप संसार की दस जगह में से एक जगह पर हैं, जहां किसी तरह की कोई मनुष्य संस्कृति नही थी, ये इस तरह की जगह है/ और मुझे एक समूह के लोगों को संदेश देना था, और मैं सोचने लगा कि परमेश्वर के बारे में किस तरह से बताना शुरू करे/ और मैंने ये वचन लिया/ और मैंने कहा कि सृष्टि से हम समझते हैं, कि एक परमेश्वर निश्चय ही है, और लोग सिर हिला रहे थे, और मैंने जाना कि ये लोग जिनका संस्कृति से कोई संबंध नही था/ सृष्टि के द्वारा, उसे देखने से, वो समझ गए कि किसी ने इसे बनाया है, कोई है जो इस के उपर है/ याने उनके दिल में परमेश्वर का ज्ञान है, और विवेक भी है कि बताए कि क्या सही है और क्या गलत है/

रॉबी गैलेटी: जी, हरकोई परमेश्वर को जानता है, और दूसरी बात कि संसार में कोई भी धर्मी नही है, अब मेरे शब्दों को न ले, पौलुस के शब्दों को देखिए, रोमियों अध्याय 3 वचन 10, कोई धर्मी नही, एक भी नही, कोई नही समझता और कोई प्रभु को नही खोजता/ तो विचार तो ये है कि संसार में कोई भी धर्मी नही है, लेकिन फिर वो आगे कहता है, कोई भी अच्छा नही है, कोई भलाई नही करता, नही एक भी नही/तो हम इसे समझते हैं, पौलुस रोमियों 3:23 में सीधा मुद्दे पर आता है, क्योंकि सब ने पाप किया और परमेश्वर की महिमा से रहित हैं/ ये शब्द सब का अर्थ है हरकोई/ संसार में सब ने पाप किया है/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, सामान्य रूप में मैं जब लोगों के साथ बातें करता हूँ, मैं वचन से बताता हूँ जानते हैं बाइबल कहती है, सबने पाप किया और परमेश्वर की महिमा से रहित हैं, क्या पौलुस ने आपको और मुझे भी जोड़ दिया,

रॉबी गैलेटी: जी,

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: और जवाब तो हाँ है, हम सब पापी हैं, लोगों को ये समझना जरूरी है, वो बस कहते हैं, हाँ सब पाप करते हैं तो हम ठीक हैं, नही, हम सब पापी हैं और मुश्किल में हैं/

रॉबी गैलेटी: जी, और ये आता है आदम के पाप के कारण, पौलुस अपने इस विचार के बारे में बताता है, रोमियो अध्याय 5, वचन 12 में, सुनिए पौलुस क्या कहता है, इसलिए जैसे एक मनुष्य के द्वारा पाप जगत में आया, और पाप के द्वारा मृत्यु आई, और इस रीती से मृत्यु सब मनुष्यों में फैल गई, इसलिए कि सब ने पाप किया/ और वाटिका में आदम के पाप के कारण, परमेश्वर ने आदम से कहा, तुम किसी भी पेड़ का फल खा सकते हो, लेकिन भले और बुरे के ज्ञान के पेड़ का फल नही खाना/ तो आप कहानी जानते हैं, वो पेड़ के पास जाते हैं, वो फल लेती है, उसे आदम को देती है, अब आदम के आज्ञाभंग करने के कारण अब पाप पुरी मनुष्य जाती में फैल गया, याने हम आदम से आते हैं, इस कारण हम सब पाप के वायरस से प्रभावित हैं/

एक उदाहारण देता हूँ/ यदि किसी माँ का बच्चा है और माँ को एड्स है, तो बच्चा संसार में आता है और वो इस वायरस से प्रभावित होता है/ बच्चे के पास अब कोई चुनाव नही होता है/ अब बच्चे के पास पर्याय है, बच्चा क्रोधित हो सकता है कि वो इस वायरस से प्रभावित हुआ है, वो इसके बारे में शिकायत कर सकता है/ वो इसका इनकार कर सकता है, कि वो एड्स से प्रभावित है/ लेकिन बात तो ये है, कि बच्चा एड्स से प्रभावित है/ हम तो एड्स से भी बहुत बुरी चीज़ से प्रभावित थे/ सच में एड्स तो हमारे शारीरिक जीवन का अंत करता है/ लेकिन पाप अनंतकाल के लिए ऐसा करता है/ ये आदम जैसे है, वो पाप के कारण शारीरिक रूप में नही मरा, पाप के कारण वो आत्मिक रूप में मरा/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, हम यहाँ असली पाप के बारे में कह रहे हैं, रॉबी और ये सच्चाई कि आदम और हव्वा के कारण, उन्होंने हमें दिया ये पाप के प्रति झुकाव, जिसके साथ हम पैदा हुए, और हम उसमें चलने लगे हैं, हमने सच में पाप करने का चुनाव किया/ ठीक है, हम पापी हैं, आपने खुद इसे देखा, आपके पास अपने बेटे का अच्छा उदाहरण है, जो दो साल का था, इसके बार एमे बताइए/

रॉबी गैलेटी: जी, मेरा बेटा रीग दो साल का है, और वो उसे भयानक दो बेकार में ही नही कहते हैं, हमें बच्चे को पाप करना सिखाने की जरूरत नही है, सच में मुझे मेरे बेटे को पाप करना सिखाना नही पड़ता, उसमें पाप के लिए झुकाव है/ उसका न्य पसंदीदा शब्द है जॉन, अब, तो नही है/ तो हम हमेशा उससे पूछते हैं, रीग क्या तुम डिनर में चिकन कहना चाहते हो? नही/ रीग, किचन टेबल से निचे उतर जाओ/ नही/ रीग, चेअर से उतर जाओ/ नही/ रीग अपनी माँ से प्यार करते हो/ नही/ खैर मैं डैड के बारे में कभी नही पूछता हूँ, ये मुर्खता होगी,

बात तो ये है कि उसका जवाब हमेशा नही है/ हमें बच्चे को आज्ञाभंग करना सिखाने की जरूरत नही है/ दाऊद इसे जानता था, भजन 51: 5 कहता है, मैं अधर्म के साथ उत्पन्न हुआ, और पाप के साथ मेरी माता के गर्भ में पड़ा/ याने वो विचार बताता है, कि वो इस संसार में असली पाप के साथ लाया गया है/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, आपके बेटे के साथ ही, हमें तो यही करना है कि अख़बारों को देखे, या टेलीविजन न्यूज़ को देखे, रात के समय की खबरे, और हम देख सकते हैं कि हमारा समाज ऐसे लोगों से भरा है जिन्होंने परमेश्वर की व्यवस्था को तोडा है/ और ये हमारे समाज को नुकसान पहुंचाता है, हमें नुकसान पहुचाता है, और दूसरे दू:ख के परिणाम ये है कि बाइबल कहती है कि हमारे बलवे के लिए दण्ड है/ ठीक है, बताईए वो क्या है?

रॉबी गैलेटी: जी, पौलुस इसके बारे में रोमियों में कहता है,और फिर वो यही बात इफिसियों में भी कहता है, अध्याय 2 में, मैं आपके लिए ये वचन पढना चाहता हूँ जॉन/ सुनिए पौलुस क्या कहता है वचन 1, तुम जो अपने पापों और अपराधों के कारण मरे हुए थे, वो आगे ये बताता है कि कैसे हम इस संसार के कोने में जाते हैं, आकाश के अंधकार के हाकिम और उसके बाद वो बहुत अद्भुत बात कहता है वचन 3 में, जिन में हम सब के सब पहले अपने शरीर की लालसाओं में दिन बिताते थे और शरीर और मन की मनसाए पूरी करते थे, और यही बात है, और स्वभाव से ही क्रोध की संतान थे/

अब पास्टर आप क्रोध के बारे में क्यों कहते हैं, हम इस संसार में क्रोध में नही कहते ये प्रभु के बारे मे कहता है/ हम सोचते हैं कि परमेश्वर प्रेमी है, परमेश्वर की दया, और उसका सहन करना, और उन बातों के लिए प्रभु की स्तुति हो/ लेकिन बाइबल में परमेश्वर का क्रोध था/ बहुत से लोग इस के बारे में बातें नही करते हैं/ और एक कारण है कि हम क्रोध पर चर्चा नही करते हैं, पापी क्रोध के बारे में सुनना नही चाहते हैं,क्योकि हम अपने पापों को गंभीरता से नही लेते हैं/ पुराने नियम में 20 अलग शब्द हैं, परमेश्वर का क्रोध प्रकट करने के लिए, लगभग 600 भागों में, परमेश्वर के क्रोध के बारे में बताया गया है,और ये हमें बताता है कि यदि हम पाप की ओर झुकते हैं तो उसके परिणाम होते हैं/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: रॉबी, लोग परमेश्वर के क्रोध के बारे में नही समझते हैं, लेकिन कुछ पल के लिए सोचिए, यदि सही और गलत के लिए परमेश्वर इस संसार में वो स्थर है, और यदि कुछ गलत होता है तो वो अपने स्थर नही बदलता है/ खुद को नही बदलता/ वो तो पाप के विरुध्द में था, ये तो उसके स्थर के विरुद्ध में आ रहे थे/ और वो कुछ नही लेकिन जो है वही हो सकता था/ और सच्चाई ये है कि उसने जो किया, याने उस स्थर उसने ये मार्ग बनाया कि हमारे पाप उस पर लाद दिए जाए/

ब्रेक के बाद हम इसी पर चर्चा करेगे, अच्छी खबर तो ये है कि हमारी इस दशा में भी/ परमेश्वर ने हम से प्रेम किया, पापी और शत्रु थे, बलवा करते थे, चाहे लोगों ने जो भी किया ही, याने लोग थे जिन्होंने बलात्कार किया हो, हत्या या वो ड्रग्स लेते हो/ या तलाख हुआ है, और उनके जीवन में जो भी हुआ है, वो चोट खाए और नाश हो रहे हैं, परमेश्वर कहता है कि वो उनसे प्यार करता है,और साबित करता है अपने पुत्र को भेजने के द्वारा जिसके बारे में ब्रेक के बाद चर्चा करेगे/ और उसने उद्धार के लिए मार्ग बनाया, कि हमारा दण्ड यीशु पर लाड दिया जाए, और परमेश्वर के साथ हमारा संबंध फिर जोड़ दिया जाए/ ये शुभसंदेश है, और विश्वासी जानते हैं कि महान आज्ञा है कि इस शुभ संदेश को देना ही होगा, वापस आने पर इस पर और भी चर्चा करेगे, तो बने रही/

****

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ठीक है हम लौट आए हैं और रॉबी गैलेटी से चर्चा कर रहे हैं, महान आज्ञा के बारे में चर्चा कर रहे है, आज संसार में 7 बिलियन लोग हैं, और साडे चार बिलियन लोग यीशु को अपने उद्धार के रूप में नही जानते हैं, और यीशु के पास उन सब लोगों तक पहुचने की योजना है, जिसे महान आज्ञा कहते हैं, जिसके बारे में हम चर्चा कर रहे हैं, और आज हम चर्चा कर रहे हैं विनाशकारी परिणाम महान आज्ञा न मानने से, महान आज्ञा की बात न मानने से/ लेकिन हम इस जगह पर थे और मनुष्य जाती की दशा के बारे में कह रहे थे,और सारांश में बताए कि कैसे मनुष्य जाती की दशा सुसमाचार में जाती है, सुसमाचार जैसे युहन्ना 3:16,

रॉबी गैलेटी: महान आज्ञा बाइबल के महान वचन से आती है, युहन्ना 3:16 से, क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा, पुरे संसार से, कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया,अद्भुत जो अकेला था ऐसा पुत्र,प्रभु यीशु मसीह, कि जो कोई उस पर विश्वास करे, वो नाश न हो, परन्तु अनंतजीवन पाए, हमने चर्चा की कि कैसे पश्चाताप और विश्वास, महत्वपूर्ण है कि हम यीशु मसीह के साथ उद्धार का संबंध बनाए,प्रेरित पौलुस जानता था कि हमारे पास सवाल होगे, कि कैसे इस महान आज्ञा को पूरा करे, तो उसने यही कहा,मैं तुम्हें उद्धार की जंजीर दूंगा/

ये पाई जाती है रोमियों अध्याय 10 में, वचन 13 से 17 में, मैं इसे पढना चाहता हूँ, कि आप इस जंजीर को देख सके, चाहता हूँ कि यहाँ जंजीर देखे, वचन 13 को सुनिए, क्योंकि जो भी प्रभु का नाम लेगा वो उद्धार पाएगा, फिर जिस पर उन्होंने विश्वास नही किया,वे उसका नाम क्योंकर ले और जिसकी नही सुनी, उस पर क्योंकर विश्वास करे, और प्रचारक बिना क्योंकि कोई सुने, और यदि भेजे न जाए, तो क्योंकि प्रचार करें, जैसे लिखा है कि उन के पांव क्या ही सुहावने हैं जो अच्छी बातों का सुसमाचार सुनते हैं/ ये तो उद्धार की कभी न टूटनेवाली जंजीर है, यदि जंजीर में एक कमजोर कड़ी हो, चलिए मैं पूरी बात समझाऊ/

पहला तो ये है, प्रतिज्ञा है कि जो भी प्रभु के नाम को पुकारता है, वो उद्धार पाएगा/ अब ये केवल संदेश सुनने से अलग है, जॉन, ये तो केवल सिधांत समझने से बढकर है, यहाँ एक बुलाहट है जो पूरी होनी है, और इसके दो भाग हैं, एक, हमें उस जगह पर पहुंचना है, जहाँ हम जाने कि यीशु ही स्वर्ग के लिए एक मात्र उत्तर है, प्रेरित अध्याय 4:12, उद्धार और किसी नाम में नही है, क्योंकि हम केवल एक ही व्यक्ति में उद्धार पाते हैं, प्रभु यीशु मसीह में, युहन्ना 14:6 में यीशु ने कहा, मार्ग, सत्य और जीवन मैं ही हूँ, मेरे बिना कोई पिता के पास नही जा सकता/ याने हमें जानना होगा कि केवल यीशु ही मार्ग है, और दूसरी बात आपको प्रभु को पुकारना होगा, पौलुस कुछ वचन पहले वचन 9 में ये कहता है, यदि तू अपने मुंह से अंगीकार करो, कि यीशु प्रभु है और अपने दिल में विश्वास करे कि परमेश्वर ने उसे मुर्दों में से जिलाया, तो तुम उद्धार पाओगे, वो आगे ये कहता है कि तुम विश्वास में धर्मी ठहराए जाओगे/ याने हम बुलाहट को समझते हैं/

दूसरी बात तो ये है कि हमें विश्वास करना होगा, उसे पुकारने से पहले हमें विश्वास करना होगा,और ये तो मसीह में विशवास करना है, हमने इसके बारे में कुछ एपिसोड्स पहले चर्चा की है, विश्वास करने के लिए हमें सुनना होगा, कोई तो होना चाहिए जो कुछ घोषणा करे, यही प्रतिज्ञा है, जब हम सुनते हैं तो विश्वास करते हैं, और जब विश्वास करते हैं तो प्रभु के नाम को पुकारते हैं/

चलिए और भी पीछे चलते हैं, सुनने के लिए, किसी को प्रचार करना होगा, अब इसे मत चुकीए/ लोग शायद ये बात कहे कि मैं पास्टर नही हूँ, प्रचारक नही, मैं इसे नही कर सकता/ वो यहाँ प्रचारक के बारे में नही कह रहा है/ वो कह रहा है कि विश्वासी संदेश को लेते हैं, संसार तक ले जाते, प्रभु का सुसमाचार घोषित करते हैं/ अब यहाँ दिलचस्प बात है, पौलुस कहता है कि कोई उद्धार पाने के लिए, वो कभी उद्धार नही पाते हैं, कैमरा से,लाईट्स या पावर पॉइंट से, संगीत या नाटक से, प्रोडक्शन या जगह या टेलीविजन चाहे वो कितना भी

अच्छा हो जाए/ उद्धार तो तब आता है जब लोग प्रभु के नाम को पुकारते हैं, जब कोई सुसमाचार प्रचार करता है/ हम ने यीशु मसीह के औथोराईजड़ संदेश के बारे में कहा था, पश्चताप और प्रभु यीशु मसीह में विश्वास/

चलिए एक कदम और पीछे चले/ लोग भेजे जाने पर प्रचार करते हैं, अब ये हमारी आज्ञा है, कि संसार में प्रभु यीशु के सस$ को लेकर जाए/ जैसे हम सुसमाचार के साथ जाते हैं, जैसे हम प्रभु द्वारा भेजे जाते हैं, तो सवाल ये है, कैसे कोई भेजे जा? यीशु ने कहा फसल तो बहुत है लेकिन मजदूर थोड़े हैं/ खेत के स्वामी से प्रार्थना करना कि मजदूर भेजे/ ये साइड नोट है, हम किसी को भी सेवकाई या मिशन में जाने के लिए नही बुलाते हैं, परमेश्वर ही बुलाहट देता है/

तो यहाँ जंजीर है, लोग भेजे जाते हैं, जैसे वो भेजे जाते हैं तो संसार में प्रचार के लिए जाते हैं/ जैसे वो प्रचार करते लोग सुनते हैं, जब लोग सुनते हैं तो विश्वास करते हैं/ जब वो विश्वास करते हैं तो पुकारते हैं,प्रतिज्ञा है कि जो भी प्रभु के नाम को पुकारेगा, वो उद्धार पाएगा/

तो जंजीर में टूटनेवाली बात कौनसी है? जंजीर की कमजोर कड़ी कहाँ पर है/ और जवाब है,ये हम में है, उद्धार की इस जंजीर में हमारा योगदान,सवसे कमजोर कड़ी है, कमजोर कड़ी वो है जब हम प्रचार नही करते हैं, कमजोर कड़ी है जब हम नही जाते हैं, कमजोर कड़ी ये है जब हम अपने जीवन में प्रभु यीशु मसीह की आज्ञाओं का पालन नही करते हैं/

ये पाइप जैसे है, जैसे पाइप बहता है, यीशु प्रेरितों को बताता है, प्रेरित इस बहाव को बनाए रखते हैं जैसे वो अपने अनुयायी को बताते हैं, और ये जंजीर आज हम तक चलती आई है, जैसे पाइप बहता है, और सवाल ये है कि हम क्या करेगे, उस संदेश के साथ जो हमने पाया है, क्या हम इस में आगे बदकर दुसरे लोगों को बताएगे?

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी ये इस तरह है यीशु जल का सोता है, ये पाइप से आता है और प्रेरितों के द्वारा आता है, विश्वासियों तक, किसी तरह से मेरे पास आया और आपके पास आया/ ठीक है, ये सुननेवाले विश्वासी तक आया/ ठीक है, सवाल तो हमारे साथ रुक जाता है, क्या ये पानी आगे बहता जाएगा क्योंकि हम इसे किसी के साथ बांटते हैं/ ये ये यही पर रुक जाएगा/ ये सबसे कमजोर कड़ी है/

रॉबी गैलेटी: लोग मुझ से सवाल पूछते हैं कि अफ्रीका के मासूम आदमी का क्या होगा, जिसने कभी सुसमाचार नही सुना है, क्या वो स्वर्ग में जाएगा? और जवाब है कि हाँ वो स्वर्ग में जाएगा, लेकिन समस्या है, वो मनुष्य अस्तित्व में नही है/ अफ्रीका में कोई मासूम आदमी नही, कही भी कोई निर्दोष व्यक्ति नही है, देखीए अच्छे लोग स्वर्ग में नही जाते हैं, माफ किए लोग स्वर्ग में जाते हैं/ देखीए ये ऐसा नही है कि हम नरक में चले जाएगे क्योंकि यीशु को अपना प्रभु और उद्धारक स्वीकार नही किया, हम नरक में इसलिए जाते हैं क्योंकि हम एक पापी हैं और हमें उद्धारक की बहुत जरूरत है,

मैंने चौका देनेवाली गिनती देखी है, जो हमें आज हम जिस दशा में है वो बताती है, और हमारे पास जो मौका है और देश तक पहुंचने की चुनौती है/ मैं इसे पढ़ता हूँ, हालही में किए गए अध्यन के अनुसार, इन्टरनैशनल मिशन बोर्ड द्वारा,सदन बैप्टिस्ट कन्वेनशन में, वो कहते हैं कि दुनिया में 7 बिलियन लोग हैं, जिन में से एक तिहाई लोग खुद को मसीही कहते हैं, दो तिहाई कहते हैं कि वो अविश्वासी है, दो तिहाई में से एक तिहाई कहते हैं कि उन्होंने कभी भी यीशु मसीह का नाम नही सुना/

पहले समूह में जिसमे ज्यादातर पश्चिमी देश हैं, वो संसार के 62 प्रतिशत के लिए लेखा देगे, जो उस धन में से ९७ प्रतिशत तो खुद पर खर्च करते हैं/ बाकि 3 प्रतिशत में, ये विभाजित है संसार के दान में, जिसे 1 प्रतिशत मिलता है, दुसरे तरह के मसीही काम के लिए 2 पप्रतिशत मिलता है/ उस बाकी 2 प्रतिशत में से, ये मसीही काम के लिए अलग किए गए हैं, उन मसीही कामों के लिए दिए मे से 99.9 प्रतिशत तो खुद पर खर्च कर देते हैं/

अपने ही देशो में, और बाकि में से, .1 प्रतिशत, विदेशों में मसीही कामों के लिए खर्च किया जाता है, .09 प्रतिशत तो उन पर खर्च होत्ता है जिन्होंने पहले ही सुसमाचार सुना है लेकिन बदले नही हैं, और केवल, गौर से सुनिए, .01 प्रतिशत, तो खर्च होता है 1. बिलियन लोगों पर, जिन्होंने कभी यीशु मसीह का नाम नही सुना है/

क्रिग ब्लोमबर इस तरह से कहते हैं, 1990 के शुरू में, अम्रेरिका ने कांटे गए फूल के लिए दुगना खर्च किया है, विदेशों के मिशन से बढकर/ विदेशों के मिशन से दोगुना स्त्रियों की शिर होजरी पर दो गुना खर्च किया है, डेढ़ गुना तो वीडियो गेम पर खर्च किया है/ पिन बॉल मशीन पर डेढ़ गूना खर्च किया, जो पिन बॉल खेलते हैं, पालतू जानवरों पर 5 गुना ज्यादा खर्च किया/ सीविंग गम पर डेढ़ गुना ज्यादा खर्च किया है, इसे सुनिए, स्वीमिंग पुल और अतिरिक्त बातों पर 3 गुना से भी ज्यादा, कैन्डी पर 27 गुना ज्यादा खर्च किया है, डाएट और डाएट से संबंधित भोजन और उत्पादन पर 17 गुना ज्यादा खर्च किया है, खेल कुड की घटना और खेल के लिए 14 गुना ज्यादा खर्च किया है, सॉफ्ट ड्रिन्क्स पर 20 गुना ज्यादा खर्च किया है, और नैतिक बनाए गए जुए और ऐसे काम पर १४० गुना ज्यादा खर्च किया है/

जॉन इन सारी गिनती की बात तो ये है, कि ये दिखाते हैं कि हमें महान आज्ञा की परवाह नही है, हमारा खजाना तो खोए हुओ को धुड़ना नही है, याद दिलाता है जो यीशु ने कहा, जहाँ तुम्हारा धन है वही तुम्हारा मन भी होगा/ हमें प्रतिदिन खुद से ये सवाल पुछना चाहिए, सारे देशों के लोगों को चेला बनाने के लिए मैं व्यक्तिगत रूप में क्या कर रहा हूँ?

आपको याद वो फ़िल्म शेनडलर्स लिस्ट/ ये उस व्यापारी की है जिसकी बड़ी फैक्ट्री थी, और विश्वयुद्ध 2 के बीच वो युहुदी लोगों को खरीदता है कि उसके फैक्ट्री में काम करे, लेकिन उसके अनजाने में वो उन्हें बचाता है, होलीकॉस्ट और कानसेनट्रेशन कैम्पस से/ जैसे ये सब लोग उसके फैक्ट्री में काम करते हैं, उसने ऐसे हजारो यहूदी खरीदे थे/ वो धन का उपयोग करता था कि लोगों को खरीदे/ फ़िल्म के अंत में कहानी इस तरह होती है, जहाँ कोई आकर कहता है कि युद्ध खत्म हुआ, तुम इन सब लोगों को जाने दे सकते हो/ और उस समय तक उसने 1100 लोगों को बचाया था, कोई उनके पास जाकर कहता है मिस्टर शिनलर आपने महान काम किया है, आपने 1100 लोगों को बचाया है, और उससे वो चौक गए, वो ज्यादा कर सकते थे, उन्होंने अपने पास की कर को देखा, और कहा इस कार को बेचकर और लोगों को खरीद सकता था/ उन्होंने कहा कि मैं इस पेन को लेकर इसे बेच सकता था,और लोगों को खरीद सकता था, मैं मेरे पास के सोने को बेचकर और लोगों को खरीद सकता था,अब उनका दृष्टिकोण बदल गया था/ ये ऐसा नही जिसके वो मालिक थे, लेकिन उस समय जिसने उन्हें खरीदा था/ और उन्होंने जाना कि वो ज्यादा कर सकते थे, मैं विश्वास करता हूँ कि जब हम प्रभु यीशु मसीह के

मैं विश्वास करता हूँ कि जब हम प्रभु यीशु मसीह के सामने खड़े होगे, हम और ज्यादा करना चाहेगे, देखीए इस में बात तो ये नही कि लोगों के सामने साबित करे कि वो अनंतकाल के संकट में जाएगे, यदि वो प्रभु यीशु मसीह को स्वीकार नही करते हैं,ये लक्ष्य नही है,इस समय का लक्ष्य ये है कि सवाल पूछे, हम इसके बारे में क्या करेगे?

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, और दोस्तों मैं सोचता हूँ कि आपको समझना होगा कि पानी यीशु से निचे आ रहा है, प्रेरितों में और चर्च के इतिहास में विस्वसियों में, और किसी तरह से आपको बताया गया है/ क्या ये आपके साथ रुक जाएगा या आप प्रभु की आज्ञा मानेगे,और आप इस पानी के बहाव को रखेगे दोस्तों में, पडौस में, उन लोगों तक जिन तक पहुंचने के लिए प्रभु द्वार खोलता है/

यही इस सीरिज सीरिज का मुद्दा था/ और मैं आशा करता हूँ कि आप जैसे इन बातों को सुनते जाते हैं, इन बातों का अध्यन करते हैं,प्रभु इसका उपयोग करेगा, और आप जोखिम उठाएगे, और दोस्तों को बताएगे, दफ्तर में

सहकर्मी को और स्कुल में दोस्तों को बताएगे, किसी को जिसे आप जानते हैं, एक से शुरू करे, गिनती बताती है कि यदि एक विश्वासी केवल एक व्यक्ति को ले, सच में आप एक व्यक्ति से शुरू करे और वो खुद को दुसरे में उन्देले, हर 6 महीने में, तो साढ़े 18 महीने में, हम पुरे संसार को प्रभु यीशु मसीह के लिए जीत लेगे, यीशु की महान आज्ञा के बारे में विश्वासीयों को गंभीर होना चाहिए, और मैं आशा करता हूँ कि आप भी ऐसा ही करेगे/

रॉबी यहाँ पर आने के लिए धन्यवाद और आपने ये महान जानकारी दी, हम सराहना करते हैं/

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाऊनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ािो एप

"घ्द्धठ्ठन् ग्रद् ठ्ठड़ड़ड्ढद्रग्र ख्ड्ढद्मद्वद्म क्ण्द्धत्द्मग्र" ऋ ख्ऋद्मण्दृध्.दृद्धढ़

@JAshow.org

क्दृद्रन्र्द्धत्ढ़ण्ग्र 2017 ऋत्र्ड्रक्ष्